इसे वेबसाईट **www.govtpressmp.nic.in** से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 4] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 27 जनवरी 2012—माघ 7, शक 1933

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुरःस्थापित विधेयक,
(ख) (1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 4 जनवरी 2012

क्र. ई-1-03-2012-5-एक.—श्री व्ही. सी. सेमवाल, भाप्रसे (1985), प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, पर्यटन, संस्कृति संसदीय कार्य विभाग तथा ट्रस्टी सचिव, भारत भवन को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ आगामी आदेश तक आयुक्त, पर्यटन मध्यप्रदेश का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा जाता है.

(2) श्री हरिरंजन राव, भाप्रसे (1994), आयुक्त, पर्यटन मध्यप्रदेश तथा सचिव, मुख्यमंत्री एवं प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रानिक्स विकास निगम की सेवाएं अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रानिक्स विकास निगम के पद पर नियुक्ति के लिए सूचना प्रौद्योगिकी विभाग को सौंपी जाती है. श्री राव सचिव, मुख्यमंत्री का प्रभार पूर्ववत संपादित करते रहेंगे तथा उन्हें सचिव, मध्यप्रदेश, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग का प्रभार भी सौंपा जाता है.

(3) राज्य शासन भाप्रसे (वेतन) नियमावली, 2007 के नियम 9 के अन्तर्गत प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रानिक्स विकास निगम के असंवर्गीय पद को प्रतिष्ठा एवं जिम्मेदारी में ऊपर दर्शित नियमों की अनुसूची-2 में सम्मिलित सचिव, मध्यप्रदेश शासन के संवर्गीय पद के समकक्ष घोषित करता है.

क्र. ई-1-422-2011-5-एक.—श्रीमती आभा अस्थाना, भाप्रसे (1977), महानिदेशक, आर.सी.व्ही.पी. नरोन्हा प्रशासन अकादमी, भोपाल को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ आगामी आदेश तक, महानिदेशक अटल बिहारी वाजपेयी लोक प्रशासन संस्थान तथा

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2012.

पदेन अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग (विधिक एवं सतर्कता प्रकोष्ठ) का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा जाता है.

(2) श्री इकबाल सिंह बैंस, भाप्रसे (1985), पर्यावरण आयुक्त तथा पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, आवास एवं पर्यावरण विभाग, लोक सेवा प्रबंधन विभाग एवं महानिदेशक एप्को तथा प्रशासक, राजधानी परियोजना प्रशासन को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ आगामी आदेश तक महानिदेशक स्कूल ऑफ गुड गवर्नेंस का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा जाता है.

भोपाल, दिनांक 5 जनवरी 2012

क्र. ई-5-372-आयएएस-लीव-एक-5.—(1) डॉ. पुखराज मारू, आयएएस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, श्रम विभाग को दिनांक 16 से 20 जनवरी 2012 तक, पांच दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 14, 15 एवं 21, 22 जनवरी 2012 का सार्वजनिक अवकाश जोडने की अनुमति दी जाती है.

(2) डॉ. पुखराज मारू की अवकाश की अवधि में श्री संजय सिंह, आयएएस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, श्रम विभाग का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर डॉ. पुखराज मारू को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, श्रम विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) डॉ. पुखराज मारू द्वारा प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, श्रम विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री संजय सिंह, श्रम विभाग के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में डॉ. पुखराज मारू को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि डॉ. पुखराज मारू अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 6 जनवरी 2012

क्र. ई-5-747-आयएएस-लीव-एक-5.—(1) डॉ. (श्रीमती) वीणा घाणेकर, आयएएस., सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग को दिनांक 7 से 10 जनवरी 2012 तक, चार दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर डॉ. (श्रीमती) वीणा घाणेकर को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में डॉ. (श्रीमती) वीणा घाणेकर को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि डॉ. (श्रीमती) वीणा घाणेकर अवकाश पर नहीं जाती तो अपने पद पर कार्य करतीं रहतीं.

भोपाल, दिनांक 7 जनवरी 2012

क्र. ई-5-702-आयएएस-लीव-एक-5.—(1) श्री प्रदीप खरे, आयएएस., कमिश्नर, शहडोल संभाग, शहडोल को दिनांक 23 से 30 जनवरी 2012 तक, आठ दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 21, 22 जनवरी 2012 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री प्रदीप खरे की अवकाश की अवधि में श्री टी. धर्माराव, आयएएस., कमिश्नर, रीवा संभाग, रीवा को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, कमिश्नर शहडोल संभाग, शहडोल का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री प्रदीप खरे को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न कमिश्नर शहडोल संभाग, शहडोल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री प्रदीप खरे द्वारा कमिश्नर शहडोल संभाग, शहडोल का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री टी. धर्माराव, कमिश्नर शहडोल संभाग, शहडोल के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री प्रदीप खरे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री प्रदीप खरे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-739-आयएएस-लीव-एक-5.—(1) श्री हीरालाल त्रिवेदी, आयएएस., प्रमुख राजस्व आयुक्त तथा नियंत्रक, शासन मुद्रण एवं लेखन सामग्री, भोपाल को दिनांक 9 से 16 जनवरी 2012 तक, आठ दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 8 जनवरी 2012 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री हीरालाल त्रिवेदी की अवकाश अवधि में श्री मनीष श्रीवास्तव, आयएएस., सचिव, परिवहन विभाग तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम भोपाल को अपने वर्तमान

कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, प्रमुख राजस्व आयुक्त तथा नियंत्रक, शासन मुद्रण एवं लेखन सामग्री, भोपाल का प्रभार तात्कालकि रूप से सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री हीरालाल त्रिवेदी को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न प्रमुख राजस्व आयुक्त, तथा नियंत्रक, शासन मुद्रण एवं लेखन सामग्री, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री हीरालाल त्रिवेदी द्वारा प्रमुख राजस्व आयुक्त तथा नियंत्रक, शासन मुद्रण एवं लेखन सामग्री, भोपाल का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री मनीष श्रीवास्तव, प्रमुख राजस्व आयुक्त तथा नियंत्रक, शासन मुद्रण एवं लेखन सामग्री, भोपाल के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री हीरालाल त्रिवेदी को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री हीरालाल त्रिवेदी अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 9 जनवरी 2012

क्र. ई-5-878-आयएएस-लीव-एक-5.—(1) श्री श्रीकांत बानोट, आयएएस., सहायक कलेक्टर, जिला इन्दौर को दिनांक 29 दिसम्बर 2011 से 13 जनवरी 2012 तक सोलह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ 14, 15 जनवरी 2012 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री श्रीकांत बानोट को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न सहायक कलेक्टर, जिला इन्दौर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री श्रीकांत बानोट को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री श्रीकांत बानोट अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-864-आयएएस-लीव-एक-5.—(1) श्री विशेष गढपाले, आयएएस., मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, जबलपुर को दिनांक 16 से 31 जनवरी 2012 तक, सोलह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री विशेष गढपाले की अवकाश अवधि में श्री अमित तोमर, आयएएस., अनुविभागीय अधिकारी, सिहोरा को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, जलबपुर का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री विशेष गढपाले को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, जबलपुर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री विशेष गढपाले द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, जबलपुर का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री अमित तोमर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, जबलपुर के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री विशेष गढपाले को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री विशेष गढपाले अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 10 जनवरी 2012

क्र. ई-1-7-2012-5-एक.—श्री डी.पी. अहिरवार, भाप्रसे (1995), सचिव मध्यप्रदेश शासन, आदिम जाति कल्याण विभाग तथा अनुसूचित जाति कल्याण विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ आगामी आदेश तक सचिव, मध्यप्रदेश शासन, विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्धघुमक्कड़ जाति कल्याण विभाग का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा जाता है.

(2) डॉ. एम. मोहन राव, भाप्रसे (1987) वि.क.अ.-सह-आयुक्त, अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के अवकाश अवधि में उनका प्रभार श्री के.सी. गुप्ता, भाप्रसे (1992), आयुक्त-सह-संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश को सौंपा गया है, उक्त आदेश के अनुक्रम में अब श्री गुप्ता को आयुक्त-सह-संचालक, विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्धघुमक्कड़ जाति विकास का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा जाता है.

क्र. ई-5-849-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री सी. बी. सिंह, आयएएस., कलेक्टर, जिला विदिशा को दिनांक 27 से 31 जनवरी 2012 तक, पांच दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री सी. बी. सिंह की अवकाश अवधि में श्री शशिभूषण सिंह, राप्रसे (93) मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, विदिशा को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, कलेक्टर, जिला विदिशा का प्रभार सौपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री सी. बी. सिंह को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न कलेक्टर, जिला विदिशा के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री सी. बी. सिंह द्वारा कलेक्टर, जिला विदिशा का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री शशिभूषण सिंह, कलेक्टर, जिला विदिशा के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री सी. बी. सिंह को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री सी. बी. सिंह, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 11 जनवरी 2012

क्र. ई. 5-463-आयएएस-लीव-एक-5.—(1) श्री आर. के. स्वाई, आयएएस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग को दिनांक 5 से 13 जनवरी 2012 तक, नौ दिन का एक्स इंडिया अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 14, 15 जनवरी 2012 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री आर. के. स्वाई को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री आर. के. स्वाई को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री आर. के. स्वाई, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 12 जनवरी 2012

क्र. ई. 5-97-आयएएस-लीव-एक-5.—श्रीमती रंजना चौधरी, आयएएस., अध्यक्ष, व्यवसायिक परीक्षा मण्डल, भोपाल को इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 22 नवम्बर 2011 द्वारा दिनांक 22 नवम्बर 2011 से 4 जनवरी 2012 तक, चवालीस दिन के स्वीकृत एक्स-इंडिया अर्जित अवकाश के अनुक्रम में दिनांक 5 से 19 जनवरी 2012 तक, पन्द्रह दिन का एक्स-इंडिया अर्जित अवकाश और स्वीकृत किया जाता है.

(2) इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 22 नवम्बर 2011 एवं दिनांक 14 दिसम्बर 2011 की शेष कंडिकाऐं यथावत् रहेंगी.

क्र. ई. 5-822-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री योगेन्द्र शर्मा, आयएएस.; आयुक्त, नगर निगम, इन्दौर को दिनांक 29 दिसम्बर 2011 से 5 जनवरी 2012 तक, आठ दिन का एवं एक्स-इंडिया अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री योगेन्द्र शर्मा को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न आयुक्त, नगर निगम, इन्दौर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री योगेन्द्र शर्मा को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री योगेन्द्र शर्मा, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 13 जनवरी 2012

क्र. ई-1-10-2012-5-एक.—श्रीमती रजनी उइके, भाप्रसे (1999), उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग पदस्थ किया जाता है तथा उन्हें अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ सचिव, मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा जाता है.

क्र. ई-5-859-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री भरत यादव, आयएएस., मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, नरसिंहपुर को दिनांक 23 जनवरी से 4 फरवरी 2012 तक, तेरह दिन का एक्स इंडिया अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 21, 22 जनवरी 2012 एवं 5 फरवरी 2012 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री भरत यादव की अवकाश अवधि में श्री आर.आर. बाथम, अपर कलेक्टर, नरसिंहपुर को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, नरसिंहपुर का प्रभार सौपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री भरत यादव को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, नरसिंहपुर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री भरत यादव द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, नरसिंहपुर का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री आर.आर. बाथम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, नरसिंहपुर के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री भरत यादव को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री भरत यादव अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अवनि वैश्य, मुख्य सचिव.

भोपाल, दिनांक 7 जनवरी 2012

क्र. ई. 5-410-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री राकेश अग्रवाल, आयएएस., संचालक, आर.सी.व्ही.पी. नरोन्हा प्रशासन अकादमी, भोपाल को इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 28 नवम्बर 2011 के द्वारा दिनांक 14 से 24 दिसम्बर 2011 तक, ग्यारह दिन के स्वीकृत अर्जित अवकाश के अनुक्रम में दिनांक 25 से 26 दिसम्बर 2011 तक, दो दिन का अर्जित अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है.

(2) इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 28 नवम्बर 2011 एवं 13 दिसम्बर 2011 की शेष कंडिकाऐं यथावत् रहेंगी.

भोपाल, दिनांक 9 जनवरी 2012

क्र. ई. 5-369-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री ॲन्टोनी जे.सी. डिसा, आयएएस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण तथा परिवहन विभाग को दिनांक 24 से 28 दिसम्बर 2011 तक, पांच दिन का अर्जित अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री ॲन्टोनी जे.सी. डिसा को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण तथा परिवहन विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री ॲन्टोनी जे.सी. डिसा को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री ॲन्टोनी जे.सी. डिसा, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-393-आयएएस-लीव-5-एक.—श्री प्रसन्न कुमार दाश, आयएएस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वाणिज्य, उद्योग एवं रोजगार विभाग को इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 23 नवम्बर 2011 द्वारा दिनांक 19 से 31 दिसम्बर 2011 तक, तेरह दिन के स्वीकृत अर्जित अवकाश का उपभोग नहीं किये जाने के कारण एतद्द्वारा निरस्त किया जाता है.

क्र. ई-5-478-आयएएस-लीव-5-एक.—श्री अनिल श्रीवास्तव, आयएएस., आयुक्त, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा, मध्यप्रदेश एवं पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग को इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 21 दिसम्बर 2011 द्वारा दिनांक 26 से 29 दिसम्बर 2011 तक, चार दिन के स्वीकृत अर्जित अवकाश का उपभोग नहीं किये जाने के कारण एतद्द्वारा निरस्त किया जाता है.

क्र. ई. 5-817-आयएएस-लीव-5-एक.—श्री राहुल जैन, आयएएस., कलेक्टर, जिला छतरपुर को इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 28 नवम्बर 2011 द्वारा दिनांक 12 से 20 दिसम्बर 2011 तक, नौ दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया गया था. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 10, 11 दिसम्बर 2011 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की कार्योत्तर अनुमति दी जाती है.

(2) इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 28 नवम्बर 2011 की शेष कंडिकाएं यथावत् रहेंगी.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
व्ही. एस. तोमर, अवर सचिव ''कार्मिक''.

चिकित्सा शिक्षा विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 11 जनवरी 2012

क्र. एफ-2-99-2011-1-पचपन.—राज्य शासन एतद्द्वारा, डॉ. आर.के. चौरसिया, अस्थिरोग विशेषज्ञ, प्रथम श्रेणी लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, वर्तमान में रजिस्ट्रार, मध्यप्रदेश-सह-चिकित्सीय परिषद्, भोपाल को मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुल सचिव (रजिस्ट्रार), के पद पर प्रतिनियुक्ति पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 02 वर्ष की अवधि के लिये पदस्थ करता है. आगामी आदेश तक डॉ. आर.के. चौरसिया के पास रजिस्ट्रार, मध्यप्रदेश-सह-चिकित्सीय परिषद्, भोपाल के पद का प्रभार अतिरिक्त रूप से रहेगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अस्मिता भागवत, अवर सचिव.

श्रम विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 10 जनवरी 2012

क्र. एफ 06-1-2012-A-सोलह-.—मध्यप्रदेश औद्योगिक संबंध अधिनियम, 1960 (27 सन् 1960) की धारा 43 की उपधारा (5) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा, यह अधिसूचित करता है कि पीथमपुर जिला धार के स्थानीय समाधानकर्ता मान एल्युमिनियम मजदूर संघ, पीथमपुर, जिला धार एवं मान एल्युमिनियम लिमिटेड, पीथमपुर के मध्य औद्योगिक विवाद में सम्मिलित और नीचे दी गई अनुसूची में उल्लिखित औद्योगिक विषयों के संबंध में कोई समझौता नहीं हो सका.

''अनुसूची''

औद्योगिक विवाद क्रमांक 1/एम.पी.आई.आर./11

No. F 6-1-2012-A-XVI.—In exercise of the powers conferred by sub-section (5) of Section 43 of the Madhya Pradesh Industrial Relations Act, 1960 (27 of 1960) the State Government hereby notify that no settlement was arrived at in the Industrial Dispute between Man Aluminium Mazdoor Sangh, Pithampur, District Dhar and Man Aluminium Ltd., Pithampur, District Dhar in regard to the Industrial matter included therein and specified in the Schedule below referred to the Conciliator for the Local area of Pithampur District Dhar.

SCHEDULE

Industrial Dispute No. 1/MPIR/11

भोपाल, दिनांक 11 जनवरी 2012

क्र. एफ 9-2-2008-ब-सोलह-.—कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948, (34 सन् 1948) की धारा 87 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ. 9-2-99-ब-सोलह, दिनांक 5 फरवरी, 2007 के अनुक्रम में इंडियन कॉफी वर्क्स को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड, जबलपुर को उक्त अधिनियम के प्रावधानों से, दिनांक 1 अक्टूबर 2011 से 30 सितम्बर 2012 तक की अवधि के लिये इस शर्त पर छूट प्रदान करता है कि आवेदक पूर्व से विद्यमान् चिकित्सकीय सुविधाओं का स्तर पूर्ववत् रखेगा तथा यथासंभव उसे उन्नत करेगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जी. पी. कबीरपंथी, अपर सचिव.

भोपाल, दिनांक 10 जनवरी 2012

क्र. F 6-1-2012-A-सोलह-.—चूंकि, मान एल्युमिनियम लिमिटेड, पीथमपुर, जिला धार के सेवानियुक्त जिनका प्रतिनिधित्व मान एल्युमिनियम मजदूर संघ, पीथमपुर द्वारा किया जा रहा है एवं सेवानियोजक कारखाना प्रबंधक, मान एल्युमिनियम लिमिटेड, पीथमपुर, जिला धार के मध्य औद्योगिक विवाद विद्यमान है.

और, चूंकि, राज्य शासन को यह संतुष्टि हो चुकी है कि विद्यमान औद्योगिक विवाद को औद्योगिक न्यायालय को पंचनिर्णयार्थ सन्दर्भ किये जाने के अतिरिक्त अन्य किसी तरीके से हल संभव नहीं है.

अतएव, मध्यप्रदेश औद्योगिक संबंध अधिनियम, 1960 (क्रमांक 27 सन् 1960) की धारा 51 की उपधारा (1) में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा, उक्त विवाद को अनुसूची में निर्दिष्ट विवरण में निहित विषयों के अनुरूप औद्योगिक न्यायालय, मध्यप्रदेश इन्दौर को पंचनिर्णयार्थ सन्दर्भित करता है :—

अनुसूची

1. क्या संस्थान में श्रमिकों के मूल वेतन व मंहगाई भत्ते में वृद्धि किये जाने का औचित्य है? यदि हां तो उसकी क्या योजना होना चाहिए?

2. क्या श्रमिकों को एक वर्ष में सेफ्टी शूज एवं दो जोड़ी ड्रेस दिये जाने का औचित्य है?

3. क्या पुराने श्रमिकों को वरिष्ठता के आधार पर वेतन बढ़ाये जाने का औचित्य है?

4. क्या कार्यरत श्रमिकों को मासिक मकान किराया दिये जाने का औचित्य है? यदि हां तो उसकी क्या योजना होना चाहिए?

5. क्या कार्यरत श्रमिकों को कंपनी आने-जाने के लिये बस सुविधा दिये जाने अथवा मासिक वाहन किराया दिये जाने का औचित्य है? यदि हां तो उसकी क्या योजना होना चाहिए?

6. क्या कार्यरत श्रमिकों के गत वर्ष 10 दिन का वेतन काटा जाना औचित्यपूर्ण है?

7. क्या कार्यरत श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा हेतु शिक्षा भत्ता दिये जाने का औचित्य है? यदि हां तो उसकी क्या योजना होना चाहिये?

8. क्या एक्सीडेन्ट होने पर प्राथमिक उपचार एवं एम्बुलेंस उपलब्ध करना औचित्यपूर्ण है?

9. क्या कार्यरत श्रमिकों को हीट अलाउन्स, हाजरी अलाउन्स दिये जाने का औचित्य है? यदि हां तो उसकी क्या योजना होना चाहिये?

10. क्या कार्यरत श्रमिकों को वर्ष में 2 बार गृहनगर तक आने-जाने का किराया देने का औचित्य है? यदि हां तो उसकी क्या योजना होना चाहिये?

11. क्या रात्रि में कार्य करने वाले श्रमिकों को नाईट अलाउन्स दिये जाने का औचित्य है? यदि हां तो कितना होना चाहिये?

12. क्या कंपनी में जो भी कैजुअल वर्कर 6 माह से अधिक समय से कार्यरत हैं उन्हें नियमित कर स्थायी किया जाना औचित्यपूर्ण है? एवं उपरोक्त मांगों के संबंध में नियोजक को क्या निर्देश दिये जाना चाहिये?

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
पद्मा रोकड़े, अवर सचिव.

वित्त विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 12 जनवरी 2012

क्र. प्राविवि-उशिगायो-9-संविसं-2012-109.—राज्य शासन द्वारा उच्च शिक्षा ऋण हेतु गारंटी योजना लागू की गई है. उक्त योजना की कण्डिका क्र. 4 एवं 6.7.1 को संशोधित करते हुए, निम्नानुसार प्रतिस्थापित किया जाता है, अर्थात् :—

कंडिका क्र. 4-लाभार्थी—मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा ऋण हेतु गारंटी योजना के अन्तर्गत ऐसे विद्यार्थी पात्र होंगे जिनके पारिवार की सभी स्रोतों से वार्षिक आय रुपये 5 लाख से अधिक नहीं है. संबंधित विद्यार्थी के माता-पिता/पालक को यह शपथ-पत्र देना होगा कि उनके पास कॉलेटरल सिक्यूरिटी हेतु पर्याप्त आस्तियॉ नहीं है तथा उसके पास उपलब्ध आस्तियों का विवरण शपथ-पत्र के साथ संलग्न करने होंगे.

कंडिका क्र. 6.7.1—विद्यार्थी द्वारा चयनित पाठ्यक्रम हेतु किसी भी निजी विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले वर्ष के दौरान ऐसे विद्यार्थी ही पात्र होंगे जिनके द्वारा उस वर्ष हेतु प्रदेश के समस्त शासकीय महाविद्यालयों हेतु वर्गवार निर्धारित कुल सीट की पांच गुना संख्या तक स्थान मेरिट सूची में हासिल किया हो. राज्य के बाहर तथा विदेश में अध्ययन करने वाले विद्यार्थी पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा. यह प्रतिबंध निजी चिकित्सा महाविद्यालय/विश्वबिद्यालय में एम.बी.बी.एस./एम.डी./एम.एस./डी.एम./एम.सी.एच./बी.डी.एस./एम.डी.एस. में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी पर भी लागू नहीं होगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एस. एन. मिश्रा, सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 13 जनवरी 2012

फा. क्र. 17(ई)2-2002-इक्कीस-ब(एक).—राज्य शासन, उच्च न्यायिक सेवा के अधिकारी, श्री महेश प्रसाद अवस्थी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, छिन्दवाड़ा की सेवाएं, अध्यक्ष, मध्यप्रदेश राज्य परिवहन अपीलीय अधिकरण, ग्वालियर के पद पर प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त करने हेतु उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश होने तक, एतद्द्वारा, मध्यप्रदेश शासन, परिवहन विभाग को सौंपता है.

फा. क्र. 1(अ)3-03-इक्कीस-ब(दो).—राज्य शासन, निम्नलिखित अधिवक्ताओं को महाधिवक्ता कार्यालय, जबलपुर में उनके नाम के समक्ष दर्शाये गये पद एवं निश्चित् मासिक पारिश्रमिक पर महाधिवक्ता के परामर्श से उच्च न्यायालय में शासन की ओर से पैरवी करने के लिए आदेश जारी होने के दिनांक से एक वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त करता है. उक्त अवधि में दोनों पक्ष एक माह का नोटिस देकर यह संविदा समाप्त करने के लिए स्वतंत्र होंगे :—

महाधिवक्ता कार्यालय, जबलपुर

क्र.	अधिवक्ता का नाम	पदनाम	पारिश्रमिक प्रतिमाह
(1)	(2)	(3)	(4)
1	श्री वेयंकटेश प्रसाद पाण्डेय	उप शास. अधिवक्ता.	17,000/-
2	श्री जयदीप सिंह	उप शास. अधिवक्ता.	17,000/-

इस संबंध में होने वाला व्यय मांग संख्या 29-2014 न्याय प्रशासन (14) कानूनी सलाहकार और परिषद् (3428) महाधिवक्ता—01—वेतन—001—अधिकारियों वेतन के अंतर्गत विकलनीय होगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. डी. खान, प्रमुख सचिव.

खनिज विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 16 जनवरी 2012

क्र. एफ 19-26-2011-बारह-2.—मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण) नियम, 2006 के नियम 6 के उपनियम (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन, अतिभारण तथा रायल्टी के अपवंचन की जांच हेतु मध्यप्रदेश के कटनी जिले में निम्नलिखित स्थानों पर जांच चौकी स्थापित करती है :—

1. कटनी बसाड़ी मार्ग पर मझगंवा ग्राम तिराहे पर
2. बरही-मैहर मार्ग पर बरही से 2 किलोमीटर पर
3. बरही इन्दावर तहसील मार्ग पर बटुखाह रेत खदान की ओर इन्दावर पुलिस थाना से 1/2 किलोमीटर पर.

इन जांच चौकियों की स्थापना करने संबंधी समस्त प्रशासकीय व्यय मध्यप्रदेश राज्य खनिज निगम लिमिटेड द्वारा वहन किए जाएंगे.

F-19-26-2011-XII-2.—In exercise of the powers conferred by sub rule (1) of rule 6 of the Madhya Pradesh Mineral (Prevention of Illegal Mining, Transportation and Storage) Rules, 2006, the State Government, hereby, establish Check Posts on the following places in Katni district of Madhya Pradesh of checking of illegal extraction, transportation, overloading and evasion of royalty of sand.

1. At Majhgwan village Tiraha on Katni-Basadi road.
2. At 2 Kilometer from Barahi on Barahi Maihar road.
3. At 1/2 Kilometer from Indawar Police Station towards Baturwah sand quarry on Barahi Indawar Tehsil road.

All administrative expenditures related to establish these check posts shall be borne by Madhya Pradesh State Mining Corporation Limited.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अरूण कुमार तोमर, उपसचिव.

राजस्व विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 23 जनवरी 2012

क्र. एफ 02-03-2012-सात-6.—मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 (क्रमांक 20 सन् 1959) की धारा 24 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, उक्त संहिता की धारा 146 और 147 के अधीन तहसीलदार की शक्तियां, सहायक श्रम आयुक्त तथा श्रम अधिकारियों को, उनकी अपनी-अपनी अधिकारिता के भीतर भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम, 1996 (1996 का 28) के अधीन समस्त शोध्यों की वसूली के लिए प्रदान करती है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अशोक गुप्ता, अपर सचिव.

भोपाल, दिनांक 23 जनवरी 2012

पृ. क्र. 2-3-2012-सात-6.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की सूचना क्रमांक एफ 2-3-2012-सात-6, दिनांक 23 जनवरी 2012 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अशोक गुप्ता, अपर सचिव.

Bhopal, the 23rd January 2012

No.F-2-3-2012-VII-6.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 24 of the Madhya Pradesh Land Revenue Code, 1959 (No. 20 of 1959), the State Government, hereby, confers the power of the Tehsildar under Section 146 and 147 of the said Code, on Assistant Labour Commissioner and Labour Officers, within their respective Jurisdiction for recorvery of all dues under the Building and Other Construction Workers Welfare Cess Act, 1996 (No. 28 of 1996).

By order and in the name of the Governor of
Madhya Pradesh,
ASHOK GUPTA, Addl. Secy.

विभाग प्रमुखों के आदेश

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग

''निर्वाचन भवन''

58, अरेरा हिल्स, भोपाल, मध्यप्रदेश

आदेश

भोपाल, दिनांक 12 जनवरी 2012

क्र. एफ. 67-162-10-तीन-59.—मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम, अधिनियम, 1956 की धारा 14-क के अनुसार महापौर के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम, अधिनियम, 1956 की धारा 14-ख के अनुसार महापौर का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **नगरपालिक निगम, बुरहानपुर जिला बुरहानपुर** के आम निर्वाचन में **श्रीमती नाजिमा बानो पति मो. अकिल,** महापौर पद की अभ्यर्थी थीं. इस नगरपालिका के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 15 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 14-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर दिनांक 14 जनवरी 2010 तक, **श्रीमती नाजिमा बानो पति मो. अकिल** को निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, **बुरहानपुर** के पास दाखिल करना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, **बुरहानपुर** के पत्र दिनांक 15 फरवरी 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्रीमती नाजिमा बानो पति मो. अकिल** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत नहीं करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्रीमती नाजिमा बानो पति मो. अकिल** को कारण बताओ सूचना-पत्र दिनांक 9 अगस्त 2011 को जारी कर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, **बुरहानपुर** के माध्यम से दिनांक 25 अगस्त 2011 को तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में **श्रीमती नाजिमा बानो पति मो. अकिल** से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

अभ्यर्थी **श्रीमती नाजिमा बानो पति मो. अकिल** को नोटिस दिनांक 25 अगस्त 2011 को तामील कराया गया. अत: उनको दिनांक 9 सितम्बर 2011 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. आयोग के पत्र दिनांक 8 सितम्बर 2011 के जवाब में डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी, **बुरहानपुर** ने अपने प्रतिवेदन दिनांक 23 सितम्बर 2011 द्वारा अभिमत प्रेषित किया, जिसमें प्रतिवेदित है कि अभ्यर्थी **श्रीमती नाजिमा बानो पति मो. अकिल** ने इस कार्यालय द्वारा नोटिस तामील कराने के बावजूद प्रतिवेदन दिनांक 23 सितम्बर 2011 तक उनके कार्यालय में अपना निर्वाचन व्यय लेखा अथवा लेखा प्रस्तुति के संबंध में कोई अभ्यावेदन भी प्रस्तुत नहीं किया गया है.

आयोग द्वारा विचारोपरांत अभ्यर्थी **श्रीमती नाजिमा बानो पति मो. अकिल** को दिनांक 2 दिसम्बर 2011 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु आयोग कार्यालय में बुलाया गया, किन्तु अभ्यर्थी **श्रीमती नाजिमा बानो पति मो. अकिल** आयोग कार्यालय में उपस्थित नहीं हुई. व्यक्तिगत सुनवाई की सूचना-पत्र की तामीली विहित समयावधि में **श्रीमती नाजिमा बानो पति मो. अकिल** को दिनांक 27 अक्टूबर 2011 को कराई गई. उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि **श्रीमती नाजिमा बानो पति मो. अकिल** द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया. अत: आयोग को यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत नहीं करने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अत:, मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम, अधिनियम, 1956 की धारा 14-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्रीमती नाजिमा बानो पति मो. अकिल** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगरपालिक निगम, बुरहानपुर, जिला बुरहानपुर** का पार्षद या महापौर होने के लिये इस आदेश की तारीख से 05 (पांच) वर्ष की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-

(सुभाष जैन)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 18 जनवरी 2012

क्र. एफ. 67-165-10-तीन-108.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **नगर पंचायत कारी, जिला टीकमगढ़** के आम निर्वाचन में **श्री नरेन्द्र शास्त्री,** अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी थे. **नगर पंचायत कारी, जिला टीकमगढ़** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 15 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 14 जनवरी 2010 तक इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, **टीकमगढ़** के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, **टीकमगढ़** के पत्र क्र. न.नि./व्यय लेखा/10/406, दिनांक 29 जनवरी 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्री नरेन्द्र शास्त्री** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया. कलेक्टर कार्यालय के पत्र दिनांक 11 मार्च, 2010 के संलग्न पुनः प्राप्त संशोधित परिशिष्ट छत्तीस के अनुसार **श्री नरेन्द्र शास्त्री** द्वारा दिनांक 1 फरवरी 2010 को अर्थात् लगभग 17 दिवस विलंब से लेखे प्रस्तुत किए गए.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत नहीं करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्री नरेन्द्र शास्त्री** को कारण बताओ सूचना-पत्र दिनांक 16 फरवरी 2010 को जारी कर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, टीकमगढ़ के माध्यम से दिनांक 20 मार्च 2010 को तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में अभ्यर्थी से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

श्री नरेन्द्र शास्त्री, को नोटिस दिनांक 20 मार्च 2010 को तामील कराया गया. अतः उनको दिनांक 4 अप्रैल 2010 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. किन्तु उनके द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया. नोटिस की तामीली उपरांत कलेक्टर **टीकमगढ़** ने अपने पत्र दिनांक 10 अगस्त, 2011 में लेख किया कि ''**श्री नरेन्द्र शास्त्री द्वारा दिनांक 1 फरवरी 2010 को लेखा प्रस्तुत करने के उपरांत विलंब से लेख प्रस्तुत करने के संबंध में कोई अभ्यावेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत नहीं किया है.**'' कलेक्टर टीकमगढ़ से उक्त जानकारी प्राप्त होने के उपरांत आयोग द्वारा दिनांक 14 सितम्बर, 2011 को अभ्यर्थी को निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त के समक्ष में दिनांक 15 नवम्बर 2011 को उपस्थित होने हेतु पत्र लिखा गया. व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचना-पत्र की तामीली कलेक्टर, टीकमगढ़ द्वारा दिनांक 31 अक्टूबर, 2011 को कराई गई, किन्तु अभ्यर्थी उपस्थित नहीं हुए.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया एवं पक्ष समर्थन में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं. अतः आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्री नरेन्द्र शास्त्री** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर पंचायत कारी, जिला टीकमगढ़** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश की तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-

(सुभाष जैन)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 18 जनवरी 2012

क्र. एफ. 67-207-10-तीन-110.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **नगर पंचायत तेन्दूखेड़ा, जिला दमोह** के आम निर्वाचन में **सुश्री दस्सोबाई कुम्हार** अध्यक्ष पद की अभ्यर्थी थीं. **नगर पंचायत तेन्दूखेड़ा जिला दमोह** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 15 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 14 जनवरी 2010 तक इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, **दमोह** के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, **दमोह** के पत्र क्र. नपानि./नि.व्य.रिपो./10/239, दिनांक 21 जनवरी 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **सुश्री दस्सोबाई कुम्हार** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **सुश्री दस्सोबाई कुम्हार** को कारण बताओ सूचना-पत्र दिनांक 16 फरवरी 2010 को जारी कर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, दमोह के माध्यम से दिनांक 9 मार्च 2010 को तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में अभ्यर्थी से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

सुश्री दस्सोबाई कुम्हार को नोटिस दिनांक 9 मार्च 2010 को तामील कराया गया. अत: उनको दिनांक 24 मार्च 2010 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. अभ्यर्थी द्वारा दिनांक 22 मार्च 2010 को एक अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने लेख किया कि—''आवेदिका अशिक्षित एवं गरीब होने के उसने चुनाव में निर्धारित नियमों के संबंध में कोई जानकारी नहीं है कि अध्यक्ष के चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी को व्यय का लेखा जोखा रखना पड़ता है, इसलिए व्यय जो मैंने इस चुनाव में करीब 4000/- खर्च किए है. उस खर्चे के बिल मैंने नहीं लिए थे.'' उक्त अभ्यावेदन के संबंध में कलेक्टर दमोह से अभिमत चाहा गया. कलेक्टर दमोह ने अपने पत्र दिनांक 4 अक्टूबर 2011 में लेख किया कि ''अभ्यावेदन पर उल्लिखित तथ्यों को स्वीकार किया जाना उचित प्रतीत नहीं होता है.'' कलेक्टर दमोह से उक्त अभिमत प्राप्त होने पर विचारोपरांत आयोग द्वारा दिनांक 1 नवम्बर 2011 को अभ्यर्थी को निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त के समक्ष में दिनांक 27 दिसम्बर, 2011 को उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र लिखा गया. व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचना-पत्र की तामीली कलेक्टर, दमोह द्वारा दिनांक 23 नवम्बर 2011 को कराई गई. अभ्यर्थी उपस्थित नहीं हुई, उन्होंने दिनांक निरंक को एक अभ्यावेदन जो कि आयोग कार्यालय में दिनांक 9 दिसम्बर 2011 को प्राप्त हुआ, प्रेषित किया, जिसमें लेख किया कि—''मैंने उक्त अध्यक्ष पद के चुनाव में 1000/- रुपये उम्मीदवार की फीस के अलावा किसी भी प्रकार का खर्च नहीं किया है. मेरो निशान ''मटका'' था. मैंने मात्र एक मिट्टी का मटका लेकर प्रचार किया था. . . . मैं एक गरीब परिस्थिति की हूं. इसलिए मैं भोपाल नहीं आ सकती हूं. ''अभ्यर्थी ने दो अभ्यावेदन प्रस्तुत किए किन्तु दोनों ही अभ्यावेदनों में खर्च के संबंध में भिन्नता पाई गई.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया एवं पक्ष समर्थन में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं. अत: आयोग को यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अत:, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **सुश्री दस्सोबाई कुम्हार** को इस प्रकार चुने

जाने के लिये तथा **नगर पंचायत तेंदूखेड़ा जिला दमोह** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश की तारीख से 01 वर्ष (एक वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-

(सुभाष जैन)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 18 जनवरी 2012

क्र. एफ. 67-209-10-तीन-112.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

